हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 2 मई 2025

तापमान
अधिकतम 39 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

13 न्याय ने मेरी सच्चाई को साबित किया, यह मेरे ...

14 सड़कों पर झूलते बिजली के तार व खुले ट्रांसफार्मर दे रहे खतरे ...




## खबर संक्षेप

### पेंशनर एसोसिएशन की बैठक 6 को

**धमतरी।** पेंशनर एसोसिएशन की मासिक बैठक 6 मई को दोपहर 1 बजे पेंशनर एसोसिएशन भवन धमतरी में रखी गई है। बैठक में पेंशनरों का जन्मदिन एवं नये सदस्यों का सम्मान किया जायेगा।

### मधुबन धाम में परशुराम जन्मोत्सव 3 को

**मगरलोड।** मगरलोड तहसील ब्राह्मण समाज द्वारा 3 मई शनिवार को मधुबन धाम में ब्राह्मण समाज के अराध्य देव भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इसकी तैयारी में मगरलोड तहसील अध्यक्ष जितेंद्र पांडे, उपाध्यक्ष जीव नंदन पांडे, कोषाध्यक्ष राकेश शर्मा, सचिव छन्नू प्रसाद द्विवेदी एवं सामाजिकजन जुटे हुए है। यह जानकारी मुकेश प्रसाद दुबे राजपुर ने दी है।

### सॉफ्टबाल स्पर्धा के लिए टेमन का चयन

**कुरूद।** संत गुरू घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद के छात्र



खिलाड़ी टेमन कुमार का चयन आल इण्डिया इंटर यूनिवर्सिटी विक्रमा सिम्हापुरी यूनिवर्सिटी नेल्लोर आंध्रप्रदेश हेतु हुआ है। 9 जनवरी 2025 को विप्र महाविद्यालय रायपुर छग में आयोजित सॉफ्टबाल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी हेतु चयनित हुए। चयन के बाद पं. रविशंकर शुक्ल विवि में प्रशिक्षण प्राप्त कर विक्रमा सिम्हापुरी यूनिवर्सिटी नायलोर आंध्रप्रदेश में भाग लेंगे।

### जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष बने राजेश

**मगरलोड।** जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा की अनुशंसा पर शासकीय महाविद्यालय मगरलोड



का जनभागीदारी अध्यक्ष राजेश साहू कृषि सभापति को बनाया गया है। उनकी नियुक्ति पर जिला पंचायत कृषि सभापति टीआर कंवर, जिला पंचायत सदस्य मीना साहू, जनपद अध्यक्ष विरेंद्र साहू, उपाध्यक्ष खिलेश साहू, मगरलोड भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित मोहन साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय यदु, भाजपा मेघा मंडल अध्यक्ष कल्याण सिंह राजपूत, पूर्व मंडल अध्यक्ष होरीलाल साहू, महामंत्री संतोष सोनी, उपाध्यक्ष सुरेश साहू, नरेश अग्रवाल सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

### शंकराचार्य प्राकट्य दिवस आज

**जीजामगांव।** छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज की प्रांतीय इकाई द्वारा आज 2 मई को महादेवघाट रायपुर में आदि गुरु शंकराचार्य जयन्ती उत्सव का आयोजन किया गया है, जिसमें



प्रदेश भर से गोस्वामीजन उपस्थित होंगे। प्रांताध्यक्ष अशोक गिरि के कुशल नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेश मूणत विधायक रायपुर पश्चिम व मोतीलाल साहू विधायक रायपुर ग्रामीण होंगे। अध्यक्षता समाज के संस्थापक एवं नीति निर्धारण समिति के सदस्य रमन गिरि करेंगे। अतिविशिष्ट अतिथि रायपुर महापौर मीनल चौबे होंगी। विशेष अतिथि समाज के संस्थापक सदस्य ओंकार पुरी, संरक्षक उमेश भारती गोस्वामी, पार्षद द्वय महेन्द्र औसर व आशु चन्द्रवंशी, भगवताचार्य सुरेन्द्र पुरी होंगे। कार्यक्रम के संयोजक संजय पुरी व सह संयोजक बद्रीपुरी होंगे।

स्वीकृत हुए 21000 पीएम आवास, सर्वे का काम भी चल रहा

# भवन निर्माण की आई बाढ़, सामग्रियों के दाम आसमान पर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बारिश से पहले थोक में पीएम आवास स्वीकृत हुए हैं। हर गली नुक्कड़ में घर बन रहा है। इसका असर यह हुआ है कि भवन निर्माण सामग्रियों के दाम आसमान छू रहे हैं। मजदूरों की किल्लत भी बढ़ गई है।

घर-घर पक्का मकान के लक्ष्य को पूरा करने के लिए इस साल बड़ी संख्या में पीएम आवास स्वीकृत किए गए हैं। जानकारी के अनुसार इस साल 41000 आवास बनाने का लक्ष्य रखा गया है। बारिश से पहले ही शासन ने इसमें से 21000 आवास की स्वीकृति दी है। स्वीकृति के बाद 18185 लोगों को पहली किस्त और 6980 लोगों को दूसरी किस्त भी दी जा चुकी है। किस्त मिलते ही मकान निर्माण में तेजी आ गई है। गांव-गांव में निर्माण कार्य चल रहा है। एक साथ बड़ी संख्या में भवन निर्माण होने से निर्माण सामग्री की किल्लत शुरू हो गई है। अवसर का लाभ उठाते हुए भवन निर्माण सामग्री विक्रेताओं ने दाम बढ़ा दिए हैं। रेट, गिट्टी, सीमेंट, ईंट, छड़ सभी सामग्री के दाम आसमान छू रहे हैं।

### डिमांड बढ़ने से दाम बढ़े

डिमांड बढ़ने के साथ ही भवन निर्माण सामग्रियों के दाम बढ़ गए हैं। मंदिर हसौद की 20 एमएम गिट्टी जो 27 रुपए वर्ग फुट में मिल रही थी, अब 29 रुपए फिट में बिक रही है। प्रति हाइवा इसमें 1400-1500 दम बढ़े हैं। सीमेंट की कीमत 15 रूपए बढ़ी है। एआर ट्रेडर्स के संचालक अमृत साहू ने बताया कि जेके लक्ष्मी सहित अन्य सीमेंट 290 प्रति बैग और अल्ट्राटेक 310 प्रति बैग बिक रहा है। गुरुवार रात से इसमें 20 की और बढ़ोतरी होगी।



### छड़ की किल्लत

छड़ के दाम में प्रति क्विंटल 300 रूपए की बढ़ोतरी हुई है। लोग इस दाम में छड़ खरीद रहे हैं लेकिन किल्लत के चलते छड़ नहीं मिल रहा है। गिट्टी में भी सप्ताह भर की वेटिंग चल रही है। रेत की सप्लाई स्थानीय स्तर पर ट्रैक्टरों से हो रही है। डिमांड ज्यादा होने कारण ट्रैक्टर से भी सप्लाई पूरी नहीं हो पा रही है। ईंट के दाम भी बढ़ते क्रम में है। ईंट प्रति हजार 5500 से 6000 रूपए में बिक रही है।

### नहीं मिल रहे मजदूर

काम बढ़ने से मजदूरों की भी किल्लत हो रही है। राजमिस्त्री और भवन निर्माण मजदूर ढूंढने से भी नहीं मिल रहे हैं। भवन निर्माण कर रहे भुवनेश्वर ध्रुव, तेजराम साहू ने बताया कि गांव में ही कृषि मजदूरों की सहायता से पीएम आवास की स्वीकृति मिलने के बाद पुराने मकान को तोड़कर चुके हैं। अब राजमिस्त्री नहीं मिल रहे हैं। ऐसे में परेशानी बढ़ गई है।

### 70 हजार लोगों की सूची तैयार

पीएम आवास के तहत 20 हजार हितग्राही छूटे हुए हैं, उन्हें इस साल आवास का लाभ दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त अन्य हितग्राहियों को लाभ देने के सर्वे का काम भी चल रहा है। सर्वे में अब तक 70 हजार लोगों की सूची तैयार की गई है। इन लोगों की पीएम आवास स्वीकृति में अभी वक्त लगेगा। ग्राम सभा, जनपद, जिला से स्वीकृति के बाद इन्हें लाभ दिया जा सकेगा।

### बिगड़ रहा बजट

पीएम आवास योजना के तहत सामान्य लोगों को 120000 रुपए की सहायता मिलती है। पहली किस्त 40000, दूसरी किस्त 60000 और अंतिम किस्त 20000 रूपए मिलती है। पीएम जनमन के तहत कमर कमार परिवारों को 200000 रूपए की सहायता मिलती है, जिसमें पहली किस्त 40000, दूसरी किस्त 60000, तीसरी किस्त 80000 और अंतिम किस्त 20000 रूपये मिलती है। लोगों ने इस राशि के हिसाब से अपने मकान का बजट बना रखा है लेकिन अचानक ही भवन निर्माण सामग्रियों के दाम बढ़ने से उनका बजट गड़बड़ाने लगा है।

धमतरी ब्लाक के ग्राम पंचायत रत्नाबांधा और नगरी ब्लाक के संबलपुर पंचायत होंगे पेपरलेस

# अटल डिजिटल केंद्र के पायलट प्रोजेक्ट में जिले की दो ग्राम पंचायत का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले की दो ग्राम पंचायतों को शासन ने अटल डिजिटल ग्राम पंचायत के पायलट प्रोजेक्ट में शामिल किया है। इनमें धमतरी ब्लॉक के ग्राम रत्नाबांधा तथा नगरी ब्लाक के ग्राम संबलपुर का डिजिटलीकरण होगा।

राजस्व विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार भविष्य में सभी ग्राम पंचायतों का डिजिटलीकरण किया जाना है। इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को पंचायती स्तर पर एक छत के नीचे सभी आवश्यक डिजिटल सेवाएं उपलब्ध करानी है। नागरिक सुविधाओं को सरल और सुगम बनाने के लिए पंचायत का डिजिटलीकरण किया जायेगा। इन केंद्रों के माध्यम से आम लोगों को जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र, आय, निवास एवं जाति प्रमाण पत्र, विवाह पंजीयन जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी।

इसके अतिरिक्त समावेशन को बढ़ावा देने के लिए डिजिटल पंचायत में नगद आहरण, फंड ट्रांसफर, जीवन, सामान्य एवं कृषि बीमा, पेंशन योजना और पैन कार्ड से जुड़ी सेवाएं भी प्रदान की जाएंगी। साथ ही सरकारी योजनाओं का पंजीयन, पासपोर्ट आवेदन, बिजली बिल भुगतान , यात्रा टिकट बुकिंग तथा ई- डिस्ट्रिक्ट सेवाओं के माध्यम से प्रमाण पत्र की सुविधा भी इन केद्रों में उपलब्ध होगी।

अपर कलेक्टर इंदिरा नवीन सिंह ने बताया कि जिले की दो ग्राम पंचायत को अटल डिजिटल केंद्र के पायलट प्रोजेक्ट में शामिल किया गया है जिसके तहत धमतरी ब्लॉक के ग्राम रत्नाबांधा तथा नगरी ब्लाक के ग्राम संबलपुर का डिजिटलीकरण होगा।

### समय व संसाधन की बचत होगी

ग्राम पंचायत रत्नाबांधा के सरपंच फकीरचंद वर्मा ने बताया कि उन्हें रत्नाबांधा पंचायत को डिजिटल पंचायत के पायलट प्रोजेक्ट में शामिल किए जाने की सूचना नहीं मिली है । रत्नाबांधा को शासन ने अटल डिजिटल केंद्र के पायलट प्रोजेक्ट में शामिल किया गया है तो इसका हम स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि इस सुविधा से ग्रामीणों की समय और संसाधनों की बचत तो होगी साथ ही उन्हें शहर जैसी डिजिटल सुविधा उपलब्ध होगी। सरकार की यह योजना गांवों के विकास और आत्मनिर्भरता को मजबूती प्रदान करने की दिशा में प्रभावी कदम होगा।

# सूचना पटल से जानकारी छिपाने वालों पर कारवाई की मांग

- ग्राम सेमरा में डीएमएफ बोर्ड पर लगाई गई काली स्याही

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

खनिज संसाधन न्यास डीएमएफ के सूचना बोर्ड में काली स्याही पोतने का मामला तुल पकड़ लिया है । ग्रामीणों ने इस मामले की शिकायत कलेक्टर से की है ।

ग्राम हिर्रीडीह के चंद्र कुमार मरकाम ने कलेक्टर एवं जिला खनिज न्यास समिति के नाम शिकायत पत्र सौंपकर कहा है कि नगरी ब्लाक के ग्राम पंचायत सेमरा में जिला खनिज न्यास वित्तीय वर्ष 2022 23 मद डीएमएफ का बोर्ड लगा है। उक्त बोर्ड में कार्य का नाम, स्वीकृत क्षेत्र की स्थिति, स्वीकृत राशि, कार्य एजेंसी तथा ग्राम पंचायत के आगे लिखे हुए हिस्से को काली स्याही से मिटाया गया है। उक्त बोर्ड को एक घर के सामने लगाया गया है । इससे प्रतीत होता है कि ग्राम पंचायत के कार्य का व्यक्तिगत उपयोग कर अवैधानिक लाभ लिया गया है।



शिकायतकर्ता चंद्र कुमार मरकाम ने काली स्याही पोते गए बोर्ड की जांच कर जानकारी छिपाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# पंचायतों को टीबी मुक्त कराने में धमतरी जिला प्रदेश में दूसरे स्थान पर



- उत्कृष्ट कार्य के लिए राजधानी में मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

टीबी मुक्त पंचायत अभियान के तहत पंचायतों को टीबी मुक्त कराने में धमतरी जिले ने प्रदेश में दूसरा स्थान बनाया है। इस उपलब्धि पर स्वास्थ्य मंत्री द्वारा सम्मानित किया गया।

स्वास्थ्य विभाग छत्तीसगढ़ द्वारा चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर के अटल बिहारी वाजपेयी ऑडिटोरियम में बीते दिनों राज्यस्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया व आयुक्त सह संचालक डॉ. प्रियंका शुक्ला ने सरगुजा जिला को राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत वर्ष 2024 के सभी सूचकांकों में राज्यभर में दूसरा रैंक प्राप्त करने के लिए सम्मानित किया। इसी तरह टीबी मुक्त पंचायत अभियान के तहत राज्य में सबसे ज्यादा पंचायतों को टीबी मुक्त कराने में दूसरे स्थान पर धमतरी जिला को सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह में जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यूएल कौशिक, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. प्रिया कंवर, जिला क्षय अधिकारी आशीष वैष्णव व अन्य स्टाफ उपस्थित थे।

# मंत्रालय में नौकरी लगाने के नाम पर 5 लाख की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- एक आरोपी गिरफ्तार, दूसरे की तलाश जारी

मंत्रालय में सरकारी नौकरी लगाने का झांसा देकर 4 लाख 93 हजार रुपये की धोखाधड़ी करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। वहीं इस मामले में एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है।

पुलिस ने बताया कि कुरूद के रहने वाले राकेश कुमार देवांगन निवासी कुरूद ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 20 जुलाई 2018 से 21 अप्रैल 2019 के बीच मेरे परिचित विवेक पटनायक के माध्यम से चंद्रकांत सिन्हा जो मंत्रालय में सहायक ग्रेड 3 में पदस्थ था, उसने विधि विभाग में काउंसलर पद पर नौकरी लगाने के नाम पर 5 लाख रुपये मांगे थे। मैंने चंद्रकांत सिन्हा और विवेक पटनायक को 4 लाख 93 हजार रुपये अलग-अलग किस्तों में दी। वहीं नौकरी नहीं लगने पर दोनों से पैसा वापस मांगने पर घुमाया जा रहा था जिस पर धोखाधड़ी का एहसास हुआ।



### 10 हजार नकद व मोबाइल जब्त

प्रार्थी की शिकायत पर कुरूद पुलिस मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों की तलाश में जुट गई थी। इस दौरान मुखबिर से सूचना पर आरोपी को मठपुरैना रायपुर से गिरफ्तार किया गया। वहीं एक आरोपी ने बताया कि 2010 से 2018 तक मंत्रालय में सहायक ग्रेड 3 के पद पर पदस्थ था। उसी दौरान विवेक पटनायक ने राकेश देवांगन से परिचय कराया था। मंत्रालय के विधि विभाग में सहायक विधि कांउसलर पद पर भर्ती के लिए पांच लाख रुपये की मांग की थी। फिलहाल कुरूद पुलिस ने आरोपी के पास से एक मोबाइल और नकदी रकम 10 हजार रुपये जब्त की है। आरोपी चंद्रकात सिन्हा निवासी छुरा जिला गरियाबंद को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

# धारदार बंडा लहराते युवक हुआ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



श्यामतराई मुख्य मार्ग पर धारदार हथियार बंडा लहराकर लोगों को डरा-धमका रहे युवक को अर्जुनी पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है।

पेट्रोलिंग पर निकली अर्जुनी पुलिस को मुखबिर से श्यामतराई मुख्य मार्ग के पास एक व्यक्ति द्वारा हाथ में धारदार बंडा लेकर आने-जाने वाले लोगों को धमकाये जाने की सूचना मिली। पेट्रोलिंग पार्टी तत्काल मौके पर पहुंची। यहां एक व्यक्ति को धारदार हथियार लहराते पाया गया। पुलिस ने घेराबंदी कर उक्त व्यक्ति को पकड़ उसके हाथ से धारदार बंडा को जब्त किया। आरोपी ने पूछताछ में अपना नाम गिरधर साहू पिता अशोक उम्र 34 वर्ष ग्राम श्यामतराई थाना अर्जुनी निवासी बताया। पुलिस ने इस मामले में अर्जुनी थाना में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी गिरधर साहू को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेज दिया है। धमतरी पुलिस द्वारा इस तरह की घटना को रोकने के लिये असामाजिक तत्वों व बदमाशों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है।

- अर्जुनी पुलिस की कार्रवाई

सिर में चोट, ब्रेन ट्यूमर, मस्तिष्क रोग के इलाज के लिए जाना पड़ता है महानगर

# इमरजेंसी पेशेंट के लिए शहर में न्यूरोसर्जन की कमी, एक अर्से से हो रही मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

न्यूरोसर्जन एक ऐसा डाक्टर है जो मस्तिष्क से संबंधित रोगों का इलाज करता है। वह तंत्रिका तंत्र में गड़बड़ी, सिर पर चोट, ब्रेन ट्यूमर जैसी घातक बीमारियों का इलाज मेडिसीन व सर्जरी के माध्यम से ठीक करता है। शहर में अमूमन सभी प्रकार के विशेषज्ञ डाक्टर हैं लेकिन न्यूरोसर्जन या न्यूरोलॉजी विशेषज्ञ डाक्टर की कमी एक अर्से से धमतरी में है। कुछ विशेषज्ञ बाहर महानगर से आकर इलाज करते हैं लेकिन 2-3 घंटे सेवा देकर पुनः लौट जाते हैं। धमतरी शहर को सरकारी या गैर सरकारी तौर पर एक न्यूरोसर्जन व न्यूरोलॉजी डाक्टर की आवश्यकता है। चूंकि सिर पर चोट या सिर से संबंधित विकार काफी संघातिक होते हैं। एक्सीडेंट के बाद सिर में चोट लगने वाले मरीज को एक से डेढ़ घंटे के अंदर विशेषज्ञ डाक्टर की आवश्यकता होती है।


सरिता दोशी | गौतम वाधवानी | प्रदीप सिन्हा | दीपक साहू

शहर में डाक्टर नहीं होने पर मरीज और परिजन इलाज के लिए महानगर ले जाते हैं, जो जोखिम भरा कार्य है। लगातार दो-तीन घंटे तक इलाज नहीं मिलने से मरीज लकवाग्रस्त, ब्रेन हेमरेज, कोमा जैसे हालात में पहुंच जाता है। शहर के पढ़े-लिखे विशेषज्ञ डाक्टर बाहर महानगर में सेवा देने चले जाते हैं, जहां उनका काफी स्कोप है। शहर के नागरिकों ने सरकारी अस्पताल या नर्सिंग होम संचालकों से आग्रह किया है कि स्थायी तौर पर न्यूरोसर्जन या न्यूरोलॉजी विशेषज्ञ डाक्टर की पदस्थापना की जाए।

समाजसेविका सरिता दोशी ने कहा कि शहर में न्यूरोसर्जन विशेषज्ञ की अत्यंत आवश्यकता है। इनकी अनुपलब्धता से लोगों को परेशानी हो रही है। समय पर मरीज का इलाज नहीं होने से मानसिक या शारीरिक विकार आ जाता है। ब्रेन स्ट्रोक मरीज को तत्काल इलाज की जरूरत है।

समाजसेवी गौतम वाधवानी का कहना है कि शहर में न्यूरोसर्जन या न्यूरोलॉजी विशेषज्ञ डाक्टर का न होना यहां के नागरिकों के लिए दुर्भाग्य है। इनकी पदस्थापना स्थायी तौर पर होनी चाहिए। न्यूरो से संबंधित रोग, एक्सीडेंट में सिर पर चोट, ब्रेन स्ट्रोक के मरीजों को लंबा सफर तय करके महानगर जाना पड़ता है। उन्होंने शासन-प्रशासन से आग्रह किया है कि शहर में न्यूरोलॉजी, न्यूरोसर्जन विशेषज्ञ डाक्टर की पदस्थापना की जाए।

नागरिक प्रदीप सिन्हा का कहना है कि सड़क दुर्घटना में घायल मरीज के सिर पर संघातिक चोट लगती है। उन्हें न्यूरोसर्जन या न्यूरोलॉजी डाक्टर की अतिशीघ्र आवश्यकता होती है। तत्काल इलाज मिलने से मरीज की जान बचाई जा सकती है। धमतरी में न्यूरो विशेषज्ञ की नियुक्ति की जानी चाहिए।

नागरिक दीपक साहू का कहना है कि शहर में न्यूरो सर्जन डाक्टर की नितांत आवश्यकता है। डाक्टर की अनुपलब्धता से मरीज की जान जा सकती है। शहर के सरकारी और निजी अस्पतालों के संचालकों से आग्रह है कि स्थायी तौर पर न्यूरोसर्जन डाक्टर की पदस्थापना करे ताकि मरीज को तत्काल इलाज उपलब्ध हो सके।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

## खबर संक्षेप

### नगर की समस्याओं का हो रहा समाधान



**अंवरी।** नगर पंचायत भखारा के वार्ड क्रमांक 6 की पार्षद चांदनी चंद्रप्रकाश साहू ने बताया कि 8 मार्च से शपथ ग्रहण के बाद से लगातार नगर की छोटी-छोटी समस्याओं का अध्यक्ष ज्योति हरख जैन के साथ मिलकर निराकरण किया जा रहा है। वार्ड क्रमांक 2 तालाब में सफाई, वार्ड क्रमांक में 12 पानी टंकी का निर्माण, अटल चौक का निर्माण, वार्ड क्रमांक 4 और 14 में पानी टंकी का निर्माण किया गया। सभी हैंडपम्प की मरम्मत की गई।

### आंगनबाड़ी व स्कूल भवन का जिर्णोद्धार

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल के ग्राम दोड़दे में दो आंगनबाड़ी भवन तथा ग्राम भुरकागुदुम में एक प्राथमिक पाठशाला का जीर्णोद्धार सीएसआर मद के तहत मिवान स्टील्स लिमिटेड द्वारा भवनों की मरम्मत, नए दरवाजे खिडकियां, नई टाइल्स लगाए गये है तथा सभी भवनों में अंदर एंव बाहर पेंट भी करवाया गया। इसके अलावा कंपनी के द्वारा स्कूल तथा आंगनबाड़ी में बिजली के नए तार एवं नए पंखे भी लगाए गए। कंपनी ने इस कार्य के लिए लगभग 15 लाख रूपए खर्च किए ।

### अंग्रेजी व देशी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**कांकेर।** बांदे पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते अवैध रूप से महुआ शराब बेचते हुए एक युवक को धर दबोचा व उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबीर से जानकारी मिला था कि ग्राम पीव्ही 98 दयानगर के मंजीत मंडल पिता निरापद मंडल के अपने खेत लाड़ी के दुकान में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब व देशी महुआ शराब बिक्री करने के लिए रखा हुआ है। मिली जानकारी कि तस्दीक करने के उपरांत पुलिस ने 30 अप्रैल को सुबह साढ़े 10 बजे छापामार कार्यवाही करते हुए आरोपी पीव्ही 98 निवासी 26 वर्षीय मंजीत मंडल पिता निरापद मंडल बछाड़ को धर दबोचा। आरोपी के कब्जे से 20 नग अंग्रेजी शराब व 5 लीटर महुआ शराब कीमती 3 हजार 700 रूपएं को जप्त कर धारा (2) आबकारी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### घायल युवक का हुआ मौत, विवेचना जारी

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांर्गत आमापारा कच्चे निवासी 41 वर्षीय रजमन सिंह मंडावी का 29 अप्रैल को शाम साढ़े 7 बजे कोटपारा राईसमिल के पास एक्सीडेंट होने से आई गंभीर चोट के कारण मौत हो गया।

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

### बनरौद में आयोजित बैठक में जिपं अध्यक्ष ने ग्राम विकास की ठोस योजना पर दिया बल

# जहां तकलीफ और समस्या है, वहां अवश्य पहुंचें जनप्रतिनिधि : अरुण

- श्री सार्वा ने जीपीडीपी के 9 बिंदुओं पर सरपंचों को किया जागरूक
- गुणवत्ताहीन जल जीवन मिशन कार्यों पर सरपंचों का फूटा आक्रोश, ठेकेदारों पर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



अध्यक्ष द्वारा कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी गई।



जलजीवन मिशन में की गई भर्राशाही पर फूटा आक्रोश।

हम सेवा कराने नहीं, सेवा करने आए हैं और जहां समस्या है, वहीं तकलीफ दूर करने जाना जनप्रतिनिधियों का धर्म है। यह प्रेरणास्पद संदेश जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने ग्राम बनरौद स्थित विश्रामगृह में नवनिर्वाचित सरपंचों की बैठक को संबोधित करते हुए दिया। बैठक का उद्देश्य ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) की व्यापक जानकारी देना और पंचायतों को जमीनी विकास की ओर ठोस योजना के साथ अग्रसर करना था।

श्री सार्वा ने कहा कि चुनाव के समय जनता से जो वादे किए गए थे, अब समय है उन्हें पूरी ईमानदारी और प्रतिबद्धता से धरातल पर उतारने का। उन्होंने सभी सरपंचों से अपील की कि वे जीपीडीपी के तहत ग्रामसभा की सहभागिता से योजना बनाएं, जिससे गांवों का समग्र और टिकाऊ विकास सुनिश्चित हो सके।

इस बैठक में प्रमुख रूप से अजय ध्रुव सभापति, जिला पंचायत धमतरी, महेश गोटा अध्यक्ष, जनपद पंचायत नगरी, शुभम यदु, प्रेम सलाम सभापति, जनपद पंचायत नगरी), श्रीमती ईश्वरी साहू, श्रीमती चंद्रकला साहू जनपद सदस्य, संजय मरकाम कुकरेल मंडल अध्यक्ष, टेलेश्वर ठाकुर पूर्व मंडल अध्यक्ष, भानुप्रताप साहू सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे।

#### जीपीडीपी के इन 9 विषयों पर सरपंचों को करना है कार्य

श्री सार्वा ने बताया कि सरपंचों को गरीबी उन्मूलन और आजीविका संवर्धन, स्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता, शिक्षा का सुदृढ़ीकरण, कृषि, पशुपालन और जल संसाधन प्रबंधन. सामाजिक कल्याण (एससी, एसटी, ओबीसी, दिव्यांग), सार्वजनिक वितरण प्रणाली और सामाजिक सुरक्षा, सड़क, आवास और बिजली जैसी आधारभूत संरचना का विकास, डिजिटल ग्राम और ई-गवर्नेंस , महिला और बाल विकास पर काम करना है। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि इन बिंदुओं को ध्यान में रखकर बनी योजना से न सिर्फ गांवों का कायाकल्प होगा, बल्कि पंचायतें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना सकती हैं। उन्होंने कम संसाधनों में भी प्रभावी योजनाओं को सफलतापूर्वक लागू करने की रणनीति पर जोर दिया।

#### सरपंचों का आक्रोश और ठेकेदारों पर आरोप

बैठक के दौरान जल जीवन मिशन के तहत बनी टंकियों की खराब गुणवत्ता, पाइपलाइन बिछाने में अनियमितता,और निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार को लेकर सरपंचों ने खुलकर अपनी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने बताया कि कई गांवों में पेयजल संकट चरम पर है, जबकि कागजों में लाखों रुपए खर्च दिखाए गए हैं। सरपंचों ने ठेकेदारों और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

#### जीपीडीपी की जानकारी दी गई

ग्राम आमदी, करैहा, बंधा, झुरातराई, सियादेही, झुंझराकसा, चिवर्री, कांटाकुरीडीही, बाजार कुर्रीडीही, बनबगौद, गट्टासिल्ली सहित अनेक पंचायतों के सरपंचों ने बैठक में भाग लिया और भविष्य में ऐसी बैठकों की निरंतरता की मांग की। इस संवादात्मक बैठक ने सरपंचों को न सिर्फ जीपीडीपी की बारीक जानकारी दी गई, बल्कि गांवों की समस्याओं को भी प्रमुख मंच प्रदान किया। निश्चित ही यदि इस दिशा में ठोस पहल होती है, तो आने वाले समय में धमतरी जिले की पंचायतें राज्य और देश में मिसाल बन सकती हैं।

## धूमा में हुआ गुड्डे-गुड़ियों का विवाह



हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

ग्राम धूमा में अक्षय तृतीया पर धनीराम साहू के घर पर बच्चों ने पूरे रीति- रिवाज के साथ गुड्डे-गुड़ियों का विवाह कराया। इस आयोजन में सिर्री मंडल भाजयुमो मंत्री सागर साहू शामिल हुए। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति को आगे बढ़ाते हुए बच्चों ने गुड्डे गुड़ियों का विवाह कार्यक्रम आयोजित किया है। इस पर्व को छत्तीसगढ़ में बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। इस अवसर पर चन्द्रशेखर साहू, राधे साहू, ओमप्रकाश, भूमि योगनंदनी, तान्या, चंचल, उषमिता, चुनेश, योगी, तन्नू व अन्य शामिल रहे।

## विश्व श्रमिक दिवस पर कांग्रेसियों ने श्रमिकों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा विश्व श्रमिक दिवस पर कांग्रेस भवन में कांग्रेसियों ने श्रमिकों का गमछा पहनाकर सम्मान किया। इस अवसर पर कांग्रेसियों ने कहा कि श्रमिक साथियों का देश व विश्व निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान है। उनकी मेहनत व परिश्रम से ही हर निर्माण कार्य पूर्ण हो पाता है।

श्रमिक महेन्द्र यादव , दिलीप साहू, मोरज साहू, तिलक राम साहू, राजेश साहू, दुर्गेश साहू का गुलाल लगाकर स्वागत कर कांग्रेसियों ने कहा कि इनकी मेहनत व त्याग को सलाम करते हैं। हमारी भूपेश सरकार के समय श्रमिकों के सम्मान में राजीव गांधी भूमिहीन श्रमिक योजना, ग्रामीण व शहरी मजदूरों के लिए औद्योगिक विकास योजना, कौशल विकास योजना, स्वास्थ्य, बीमा योजना, प्रसूति सहायता योजना के साथ छत्तीसगढ़ की परंपरा व संस्कृति के अनुरुप मजदूरों के सम्मान में एक मई को बोरे बासी दिवस मनाकर इतिहास रचा गया।

इस अवसर पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष शर्मा, कांग्रेसी नेतागण राजकुमारी दीवान, प्रहलाद चंद्राकर, रमेशर साहू, अध्यक्ष देवव्रत साहू, मनीष साहू, उत्तम साहू, मनोज अग्रवाल, रमेश पांडे, रुद्रनाथ साहू, संतोष प्रजापति, उमेश साहू उपस्थित थे।

## संगठनात्मक मजबूती और पत्रकार हित पर हुई चर्चा

- नगरी में श्रमजीवी पत्रकार संघ की हुई बैठक, नए सदस्यों ने संगठन की सदस्यता ली

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी





छग श्रमजीवी पत्रकार संघ नगरी इकाई की बैठक रेस्ट हाउस नगरी में हुई। बैठक की अध्यक्षता संघ के धमतरी जिला अध्यक्ष गोपी किशन कश्यप ने की। विशिष्ट अतिथि जिला प्रभारी ललित साहू थे।

बैठक में पत्रकार संगठन को और अधिक सशक्त व प्रभावी बनाने, पत्रकारों के हितों की रक्षा एवं उनके कल्याण के लिए रचनात्मक गतिविधियां प्रारंभ करने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई। संगठनात्मक कार्यों को गति देने एवं एकजुटता बनाए रखने की दिशा में यह बैठक मील का पत्थर साबित हुई। इस अवसर पर पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय राजशेखर नायर, दीपेश निषाद, मिथिलेश पटेल एवं प्रदीप साहू ने श्रमजीवी पत्रकार संघ की सदस्यता ग्रहण कर संगठन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जीवन नाहटा, जिला सचिव अशोक संचेती, जिला महासचिव रूपेश साहू, जिला उपाध्यक्ष अभिनव अवस्थी, नगरी ब्लॉक महासचिव राजू पटेल, ब्लॉक उपाध्यक्ष अंगेश हिरवानी व रिजवान मेमन, ब्लॉक कोषाध्यक्ष उत्तम साहू सहित कुलदीप साहू, गोलू मंडावी, मिथिलेश पटेल, प्रदीप साहू, राजूनाथ जोगी, तरुण निषाद, भूषण मरकाम, देवेंद्र सेन समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे। उपस्थितजनों ने संगठन की मजबूती के लिए एकजुटता से कार्य करने का संकल्प लिया।

### अनेक शादियों को बेमौसम बारिश ने किया किरकिरा, तापमान में आई कमी

# आंधी तूफान व ओलावृष्टि से किसानों को नुकसान



हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

कुरुद व भखारा अंचल में तेज आंधी तूफान के साथ बारिश और ओलावृष्टि से तापमान में जरूर कमी आई है लेकिन ओलावृष्टि के बाद किसानों की चिंता बढ़ गई है। किसानों को अब अपने सामने चारों तरफ नुकसान ही नुकसान नजर आ रहा है।

मंगलवार देर शाम के बाद गुरुवार को भी तेज आंधी तूफान के साथ बारिश हुई। इस बारिश से लोगों को भीषण गर्मी में राहत जरूर मिली। तापमान 43 डिग्री सेल्सियस से गिरकर 25 डिग्री पर पहुंच गया। लेकिन कई जगह ओले भी गिरे जिससे क्षेत्र में किसानों के खेत में लगी फसल पूरी तरह बर्बाद हो चुकी है। कुरुद तहसील के बगौद, कुहकुहा, भुसरेंगा, परखन्दा आदि गांव में पौधे पर लगे हरे टमाटर जमीन पर गिरे हुए हैं। वहीं भखारा क्षेत्र के ग्राम जोरातराई (सी), खपरी, सेमरा में अगले 10 दिन में जो धान की फसल उन्हें पककर मिलने वाली थी वह बर्बाद हो गई है। धान की खड़ी फसल में लगी बालियां ओले पड़ने से पिट गई हैं।

#### कई शादी मंडप हवा में उड़े, भोजन व्यवस्था बिगड़ी



मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को दोपहर 4 बजे से 2 घंटे तक तेज बारिश, आंधी तूफान और ओलावृष्टि हुई। जिससे कई शादी के मंडप को क्षतिग्रस्त कर भोजन व्यवस्था को अस्तव्यस्त कर दिया। ग्राम पचपेड़ी में उर्वशी साहू ने अपने बेटे, बेटी की शादी रचाई है। बारात और चौथिया के साथ मेहमान पहुंचे थे। इस बीच तेज आंधी ने उनके घर की छप्पर, मंडप को भारी नुकसान पहुंचाया। सैकड़ों लोगों के लिए बनाए भोजन में रेत, मिट्टी, धूल घुस गई जिससे उन्हें मेहमानों के लिए फिर से भोजन बनवाना पड़ा। खबर है कि ऐसे और अनेक शादियों को इस बेमौसम बारिश ने किरकिरा किया है।

#### रिमझिम बारिश के साथ गिरे ओले



**सिर्री।** सिर्री क्षेत्र में 29 अप्रैल मंगलवार की शाम जमकर बारिश हुई। तेज हवाओं के साथ क्षेत्र में ओलावृष्टि हुई। बड़े बड़े ओले गिरते देखे गए। इसकी फोटो और वीडियो सोशल मीडिया में लोगों ने काफी साझा किया। भयंकर गर्मी के चलते जहां एक ओर तापमान 45 डिग्री तक चला गया था। वहीं बारिश के चलते मौसम में काफी ठंडकता देखी गई। बीते गुरुवार की शाम को भी रिमझिम बारिश हुई है। एक तरफ तो लोगों को गर्मी से कुछ राहत तो मिली है लेकिन दूसरी ओर किसानों की रबी फसल चौपट होती नजर आई।

## अंचल की खबरें

### दलदली (अ) में परीक्षा परिणाम घोषित, देविका प्रथम रही



**नगरी।** शासकीय प्राथमिक शाला दलदली (अ) में वार्षिक परीक्षा परिणाम प्रधानपाठक सूर्यनारायण राव ने घोषित किया। कक्षा पहली में निहारिका 80 प्रतिशत प्रथम, सिद्धि 77 प्रतिशत द्वितीय, दूसरी से लोमेश 86 प्रतिशत प्रथम, सुनीत्रा 84 प्रतिशत द्वितीय, तीसरी से प्रिंस राज 80 प्रतिशत प्रथम, महिमा 68 प्रतिशत द्वितीय, चौथी से भावना 86 प्रतिशत प्रथम, लीना 81 प्रतिशत द्वितीय स्थान पर रहीं। जिला स्तर पर आयोजित कक्षा 5वी प्राथमिक प्रमाण पत्र परीक्षा में देविका नेताम 96 प्रतिशत प्रथम, सुधांशु कुंजाम 94 प्रतिशत ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर शिक्षक राजकुमार शील ने सभी छात्र-छात्राओं को प्रगति पत्रक प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि अगले सत्र में दोगुनी मेहनत करें, आगे बढ़ें, ऊंचाइयों को छुएं और अपने लक्ष्य को प्राप्त करें। विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों ने भी छात्रों को शुभकामनाएं दी है।

### बगौद स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित





**अंवरी।** शाउमावि बगौद में स्थानीय परीक्षाओं का परिणाम घोषित किया गया। कक्षा 9वीं का परीक्षा परिणाम 70.65 तथा कक्षा 11वीं का परीक्षा परिणाम 72.36 प्रतिशत रहा। कक्षा 9वीं में प्रथम क्षमानिधि साहू 92.62 प्रतिशत, द्वितीय लक्ष्मी साहू व लेखिका विश्वकर्मा 91.6 प्रतिशत तथा तृतीय रितिका राजपूत 89.5 प्रतिशत रही। इसी प्रकार कक्षा 11वीं में खुशी पटेल 92.2 प्रतिशत प्रथम, मिलिंद कुमार 82.8 प्रतिशत द्वितीय तथा धारिणी डाहरे 81.8 प्रतिशत तृतीय रहे। इस अवसर पर शाला समिति अध्यक्ष संतोष पाठक, सरपंच दशोदा साहू, जनपद सदस्य रूमानसिंह कुर्रे, पूर्व समिति अध्यक्ष कृष्णा साहू, तरुण साहू, कमलेश साहू, प्राचार्य टीके चन्द्राकर एवं शिक्षकगण जीके साहू, विकास गौर, एनआर साहू, केके साहू, संकुल समन्वयक टीके साहू, एमबी चन्द्राकर, अनामिका चन्द्राकर, तेजीन बैस, डालेश्वरी निर्मलकर, लेवेंद्र ध्रुव, माखन पटेल उपस्थित थे। सभी ने छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### 6वीं में लवीना रही अव्वल





**नगरी।** शासकीय माध्यमिक शाला गोरेगांव में कक्षा 6वीं व 7वीं का परीक्षाफल घोषित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जीवनलाल यादव उपसरपंच गोरेगांव थे। अध्यक्षता नारदराम साहू अध्यक्ष विप्र समिति ने की। विशिष्ट अतिथि लेखराम गंगबेर ग्रामसभा अध्यक्ष, देवकी बंजारे, तुलसी साहू थे। अतिथियों ने मां सरस्वती के तैल चित्र पर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रपा कौशल प्रसाद साहू ने परीक्षा परिणाम घोषित किया। कक्षा 6वीं में लवीना प्रथम, दीपिका साहू द्वितीय व हर्षकुमार साहू तृतीय रहे। कक्षा 7वीं में उर्वशी साहू व लावण्या निषाद 89 प्रतिशत प्रथम, जिज्ञासा द्वितीय व पेमेश्वरी यादव तृतीय रही। प्रपा कौशलप्रसाद साहू ने सफल छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर शिक्षक राकेश कोसरिया, चंद्रप्रभा साहू, गीतांजलि मेश्राम, ऋषिकेश साहू, गंगा यादव सहित समस्त पालकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन केपी साहू व आभार प्रदर्शन आरके कोसरिया ने किया।

### डांडेसरा में मजदूर दिवस मनाया गया



**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम डांडेसरा में मजदूर दिवस मनाया गया। मजदूर दिवस यानी लेबर डे दुनिया भर के मजदूरों और कामगारों के अधिकारों और योगदान को याद करने का दिन है। इसकी शुरूआत लेबर यूनियन मूवमेंट से हुई थी, जिसका मकसद 8 घंटे काम, 8 घंटे आराम और 8 घंटे मनोरंजन था। आज भी यह दिन मजदूरों की मेहनत और उनके हक की आवाज को मजबूत करने के लिए मनाया जाता है। इसकी शुरूआत भारती मजदूर किसान पार्टी के नेता कामरेड सिंगरावेलू चेटचार ने शुरू की थी। भारत में मद्रास के हाईकोर्ट सामने एक बड़ा प्रदर्शन किया और एक संकल्प के पास करके यह सहमति बनाई गई कि इस दिवस को भारत में कामगार दिवस के तौर पर मनाया जाए और इस दिन छुट्टी का ऐलान किया गया। इस अवसर पर रविकुमार साहू, कैलाश साहू, शेषनारायण साहू, मनोज साहू, जितेन्द्र कंवर, भोलेश्वर यादव, टिकेश्वर साहू उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### बैटरी चलित ट्रायसिकल मिलने से विकास की राह हुई आसान

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित सुशासन तिहार के माध्यम से ग्रामीणों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। साथ ही दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र में शिविर लगाकर आम जनता की समस्याओं संबंधित आवेदन प्राप्त कर त्वरित निराकरण भी किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के माहुरबंदपारा निवासी विकास सोनी 80 प्रतिशत अस्थिबाधित दिव्यांगजन द्वारा बैटरीचलित ट्रायसिकल के लिए आवेदन सुशासन तिहार में किया था। जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी द्वारा दिव्यांग को बैटरीचलित ट्रायसिकल प्रदाय किया गया।

### पर्यावरण एवं जल सरंक्षण हेतु निकली साइकिल संदेश रैली

**कांकेर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा पर्यावरण एवं जल सरंक्षण के लिए गुरुवार 1 मई को प्रातः 8 बजे साइकिल संदेश रैली नारे लिखित बैनर, तख्तियों के साथ शासकीय कन्या उमावि लट्टीपारा से प्रारंभ हुई। जिला शिक्षा अधिकारी अशोक पटेल के आदेशनिर्देश में साइकिल संदेश रैली आयोजित हुई। नारे लगाते हुए रैली महादेव वार्ड, भंडारीपारा होते हुए ग्राम मनकेशरी में समाप्त हुई। साइकिल संदेश रैली भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की स्थापना के 75 वर्ष के परिप्रेक्ष्य में आयोजित की गई। इस दौरान भारत स्काउट्स एवं गाइड्स से जुड़े पदाधिकारी सहित रोवर और गाइड की छात्राएं उपस्थिति रही।

### तुएगहन ग्राम पंचायत सचिव हुए निलंबित

**कांकेर।** चारामा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत तुएगहन के सचिव युगल किशोर सोनकर को जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन आदेश में उल्लेख किया गया है कि उक्त सचिव द्वारा ग्राम पंचायत में लगातार अनुपस्थित रहने की शिकायत सरपंच, पंच एवं ग्रामवासियों द्वारा किया गया है। ग्राम पंचायत में अनुपस्थित रहने के कारण 24 अप्रैल को पंचायती राज दिवस एवं जल संरक्षण संकल्प सभा का आयोजन नहीं होने, अनुपस्थिति के चलते सरपंच तुएगहन को आज पर्यन्त कार्यभार नहीं देने एवं अनुपस्थिति के संबंध में नोटिस दिए जाने के उपरांत सुधार नहीं लाने के फलस्वरूप सचिव को निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय कार्यालय जनपद पंचायत चारामा नियत किया गया है।

### ग्रामीण ने अज्ञात कारणो के चलते लगाई फांसी

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत पण्डरीपानी निवासी 45 वर्षीय महेश कुमार देवांगन ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। सरंगपाल निवासी 50 वर्षीय लोकेश्वर देवांगन ने पुलिस को बताया कि मृतक ने 30 अप्रैल को सुबह 10 बजे अज्ञात कारणो के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### ईलाज के दौरान मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** दुर्गूकोंदल थानांतर्गत सीएचसी दुर्गूकोंदल में ईलाज के दौरान कोड़ेकुर्से निवासी 58 वर्षीय रोवन राम कोमरा का 30 अप्रैल को सुबह 9 बजे मौत हो गई। वार्ड बॉय द्वारा अस्पताली मेमो पेश करने पर मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविर हुए तय

**भानुप्रतापपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के आदेशानुसार शासन के प्रत्येक स्तर पर शासकीय कामकाज में पारदर्शिता लाने, शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभारी कियान्वयन सुनिश्चित हो, इसका लाभ समाज के उन वर्गों को तत्परता से मिले, जिनके लिए योजनाएं संचालित की जा रही है, इसको लेकर शासन-प्रशासन स्तर पर प्रभावी पहल की जा रही है।

ठगी के आरोप से न्यायालय से दोष मुक्त होने के बाद प्रेस वार्ता में रखी स्पष्ट बात

# न्याय ने मेरी सच्चाई को साबित किया, यह मेरे खिलाफ रची गई एक सोची समझी साजिश थी : डॉ. लक्ष्मी ध्रुव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



सिहावा विधानसभा की पूर्व विधायक और गरिमामयी व्यक्तित्व की धनी डॉ. लक्ष्मी ध्रुव ने नगरी में आयोजित एक प्रेस वार्ता में न्यायालय से मिले दोषमुक्ति आदेश के बाद अपनी चुप्पी तोड़ी। उन्होंने कहा कि यह न सिर्फ न्यायपालिका की निष्पक्षता की जीत है, बल्कि उनके जीवन के उस कठिन दौर का अंत है, जिसे झूठे आरोपों और राजनीतिक षड्यंत्र के तहत जबरन खड़ा किया गया था।

वर्ष 2022 में 23 लाख 25 हजार रुपये की ठगी का आरोप लगाते हुए एक परिवाद न्यायालय में दाखिल किया गया था। परिवादिनी पूर्णिमा ठाकुर ने यह मामला दुर्ग न्यायालय में प्रस्तुत किया था, जिसमें डॉ. लक्ष्मी ध्रुव पर गर्व इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी की चेयरपर्सन रहते हुए उक्त राशि का भुगतान न करने का आरोप था। यह आरोप तब और सनसनीखेज बन गया जब यह प्रकरण उनकी विधायक कार्यकाल के दौरान सार्वजनिक हुआ।

डॉ. ध्रुव ने प्रेस वार्ता में कहा कि यह मेरे जीवन का सबसे कठिन और अपमानजनक समय था। मैंने कभी कल्पना नहीं की थी कि मेरे जीवन की सच्चाई को राजनीतिक साजिश के घेरे में लाकर इस तरह कलंकित करने की कोशिश होगी। वे भावुक हो उठीं और कहा कि उन्हें बार-बार यह समझाया गया कि सत्य की राह कठिन होती है, लेकिन आज जब न्यायालय ने उन्हें भारतीय दंड संहिता की धारा 420 से दोषमुक्त करार दिया है, तो यह केवल एक कानूनी निर्णय नहीं, बल्कि उनकी मान-सम्मान की पुनः स्थापना है।

न्यायालय ने 26 अप्रैल 2025 को दिए अपने निर्णय में कहा कि परिवादिनी अपने आरोपों के पक्ष में कोई ठोस साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर सकी। यह भी स्पष्ट हुआ कि संबंधित राशि का भुगतान चेक के माध्यम से किया गया था, जिसे रिकॉर्ड में प्रमाणित किया गया। न्यायालय ने माना कि ठगी जैसी कोई मंशा या कार्य सिद्ध नहीं होता और इसलिए डॉ. लक्ष्मी ध्रुव को दोषमुक्त किया जाता है।

प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों ने जब यह जानना चाहा कि क्या यह प्रकरण उनकी छवि खराब करने की साजिश थी, तो उन्होंने कहा, हां, यह पूरी तरह से राजनीतिक चरित्र हनन का प्रयास था। जब मैं विधायक बनी, तभी कुछ लोगों ने यह तय कर लिया था कि मुझे कमजोर करना है। मैंने हमेशा ईमानदारी से जनसेवा की, लेकिन मेरे खिलाफ षड्यंत्र रचने वालों ने झूठ का सहारा लिया। आज सत्य ने उन्हें जवाब दे दिया है।

राजनीतिक भविष्य को लेकर पूछे गए सवाल पर डॉ. ध्रुव ने स्पष्ट किया कि वे पहले की तरह ही जनता के बीच सक्रिय रहेंगी। मैं कोई प्रतिशोध की राजनीति नहीं करूंगी, लेकिन अगर दोबारा मेरी छवि को ठेस पहुंचाने की कोशिश होती है, तो मैं कानूनी रास्ता जरूर अपनाऊंगी। उन्होंने न्यायपालिका का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह न्याय प्रणाली पर मेरे विश्वास की जीत है। मैं अपने क्षेत्र, अपने मतदाताओं और उन सभी लोगों की आभारी हूं जिन्होंने इन कठिन परिस्थितियों में भी मुझ पर भरोसा बनाए रखा।

प्रेस वार्ता के दौरान नगरी ब्लाक अध्यक्ष भूषण साहू, बेलर ब्लॉक अध्यक्ष कैलाश प्रजापति, मगरलोड ब्लाक अध्यक्ष अखिलेश दुबे, रामभरोस साहू ,पेमन साहू, भानेन्द्र ठाकुर, महेंद्र धेनु सेवक, राजेंद्र ठाकुर, एलएल धुव, जोन अध्यक्ष अख़्तर खान ने इस निर्णय को सत्य की विजय बताया और डॉ. ध्रुव को शुभकामनाएं दीं। जनता के बीच एक बार फिर उनके लिए सकारात्मक माहौल बनता दिख रहा है। प्रकरण क्रमांक 623/2022 के तहत दर्ज यह मामला बिना उनकी सुनवाई और अनुपस्थिति में प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा धारा 420 (भारतीय दंड संहिता ठगी) अंतर्गत दर्ज किया गया। आरोपों के अनुसार डॉ. ध्रुव पर एक संस्थागत समझौते के तहत यह राशि लेकर भुगतान न करने का आरोप था।

#### क्या था पूरा मामला

डॉ. ध्रुव सिहावा विधायक बनने से पहले गर्व इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी की चेयरपर्सन थीं, उस समय एक लेन-देन को लेकर उनके विरुद्ध श्रीमती पूर्णिमा ठाकुर द्वारा दुर्ग न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया गया। आरोप था कि डॉ. ध्रुव ने बिना उचित भुगतान किए 23 लाख 25 हजार रुपये की राशि चेक के माध्यम से लेने के बाद उसे ठग लिया।

# छग की संस्कृति में बोरे बासी का प्रमुख स्थान





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने श्रमिकों के सम्मान में एक मई को बोरे बासी खाने की परंपरा की शुरूआत की की थी। इस परंपरा का निर्वहन करते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भखारा द्वारा सरपंच ग्राम पंचायत पचपेड़ी विनय साहू के निवास में बोरे बासी खाने का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भखारा अध्यक्ष राजू साहू ने श्रमिकों को ऊर्जा का केंद्र बताते हुए कहा कि हर निर्माण इनके बिना अकल्पनीय है। बोरे बासी और श्रमिक एक दूसरे के पूरक हैं। मजदूर साथियों को ऊर्जा इसी बोरे बासी के आहार से प्राप्त होती है। पूर्व नपं अध्यक्ष भरत नहर ने इसे पौष्टिकता का केंद्र बताते हुए रोग निरोधक बताया। छत्तीसगढ़ की संस्कृति में बोरे बासी का प्रमुख स्थान है। इसे केवल एक दिन नहीं अपितु पूरी जीवनचर्या में शामिल करें।

मौके पर पूर्व जनपद सभापति परमेश्वरी साहू, पार्षद बिट्टू गौर, ब्लॉक उपाध्यक्ष गैंद लाल साहू, मनोज साहू, मोहिनी साहू, जगदीश साहू, धनंजय साहू, चेतन, रामप्यारे, मुरली राम, हुलेश साहू, शोभित, किरण साहू, मोनाली साहू, प्रतिभा साहू सहित अनेक कांग्रेसजन सम्मिलित हुए।

# अक्ती का पर्व धूमधाम से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी



बुधवार को अक्ती का पर्व धूमधाम से मनाया गया। बच्चों द्वारा गुड्डे-गुड़ियों का विवाह परम्परागत तरीके से किया गया। इस अवसर पर गीता, लता, हेमा, मैना, जयंत्री, नीरा, गायत्री, रामेश्वरी, इंदिरा, रानी, सुखमणि, लोकेश्वरी, बिरझा, धनेश्वरी, मधु, सोहद्रा, रामती, पायल, रिंकी, पिंकी, स्वाति, छोटी, पूजा, प्रिया, खुशी, चंचल, कुमकुम, भूमिका, लखन, गोपाल, हीरालाल, कमलेश, परमेश्वर, दिलीप, भागवत, यशवंत, जीवन, रघुवर उपस्थित थे।

# आदर्श विद्या मंदिर का रिजल्ट घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

आदर्श विद्यामंदिर पोटियाडीह में केजी वन से कक्षा चौथी का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। केजी-1 में प्रथम समर्थ पटेल 86.6 प्रतिशत, द्वितीय ओमार 83.3 एवं तृतीय येकांक्षा साहू 81.3 प्रतिशत। केजी 2 में प्रथम हिमांशु साहू 81.3 प्रतिशत, द्वितीय शेखर साहू 78.9 एवं तृतीय एलिसा साहू 78 प्रतिशत। कक्षा पहली में प्रथम ख्याति यादव 92 प्रतिशत, द्वितीय प्रिंस साहू 86 एवं तृतीय सूर्यकांत एवं उमंग यादव 84 प्रतिशत।

कक्षा दूसरी में प्रथम ऋषभ साहू 94 प्रतिशत, द्वितीय युक्ति रावत एवं चितेश्वरी 92 तथा तृतीय रोली साहू 91.3 प्रतिशत। कक्षा तीसरी में प्रथम नमन ढीमर 81 प्रतिशत, द्वितीय तानिया पटेल 80.5 एवं तृतीय गरिमा देवांगन 78 प्रतिशत। कक्षा चौथी में प्रथम लक्ष्य देवांगन 80.5 प्रतिशत, द्वितीय आयुष साहू 75 एवं तृतीय दीपिका ढीमर 65 प्रतिशत रहे। उनकी सफलता पर प्रपा गोपीचंद पटेल, ओमप्रकाश साहू, हेमलता सेन, धनेश्वरी साहू, मीतेश्वरी साहू, कल्याणी साहू एवं गायत्री साहू ने हर्ष व्यक्त किया है।

# रत्नाबांधा में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए हुआ भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

पंचमुखी हनुमान नगर रत्नाबांधा में ग्रामवासियों एवं जनप्रतिनिधिगण द्वारा सामुदायिक भवन हेतु भूमिपूजन किया गया। पंडित राजेश दुबे द्वारा शुभ मुहूर्त पर पूजा आयोजित की गई। हिन्दू जागरण मंच के प्रांत युवा प्रमुख दीपक सिंह ठाकुर, जनपद सदस्य कीर्तन मीनपाल, सरपंच फकीरचंद वर्मा, सीमंत साहू, त्रिलोक जैन, टंडन, भीष्म सोनी ने सामुदायिक भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। जनपद सदस्य कीर्तन मीनपाल ने कहा कि मुझे जो भी पहली निधि प्राप्त होगी उसे वे रत्नाबांधा गांव के जल प्रबन्धन में देंगे। फकीर वर्मा, दीपक सिंह ठाकुर ने सहायता करने का आश्वासन दिया।

# गैलेक्सी स्कूल नारी का परीक्षा परिणाम घोषित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

गैलक्सी सीनियर सेकेण्डरी स्कूल नारी में परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कक्षा 11वीं में प्रथम फनिशा साहू 98.6 प्रतिशत, द्वितीय प्रियंका पाल 87.4 प्रतिशत, तृतीय प्रतीक साहू 84.6 प्रतिशत, कक्षा 9वीं में प्रथम हर्षलता साहू 97 प्रतिशत , द्वितीय कविता साहू 96.6 प्रतिशत, तृतीय निकिता साहू 96.16 प्रतिशत, कक्षा सातवीं में प्रथम देविका साहू 95.67 प्रतिशत, द्वितीय आसमा साहू 91.89 प्रतिशत, तृतीय देवीप्रभा साहू 91.11 प्रतिशत, कक्षा छटवीं में प्रथम साधना सोनकर 97.33 प्रतिशत, द्वितीय वैष्णवी सोनकर 94.33 प्रतिशत, तृतीय उर्वी निषाद 92.44 प्रतिशत, कक्षा चौथी में प्रथम जीविका साहू 93.33 प्रतिशत, द्वितीय लीना चक्रधारी 91.17 प्रतिशत, तृतीय रितिका पाल 91 प्रतिशत, कक्षा तीसरी में प्रथम जिज्ञासा ध्रुव 99.17 प्रतिशत, द्वितीय झलक सोनकर 99 प्रतिशत, तृतीय भावना निषाद 97.83 प्रतिशत, कक्षा दूसरी में प्रथम तेजेन्द्र 96.44 प्रतिशत, द्वितीय तानिया साहू 95.11प्रतिशत, तृतीय शैलेन्द्री साहू 93.78 प्रतिशत, कक्षा प्रथम में प्रथम तन्मय साहू 99.11 प्रतिशत, द्वितीय जितेश साहू 98.67 प्रतिशत, तृतीय डिम्पल चंदेल 98.22 प्रतिशत, कक्षा पीपी 2 में प्रथम आयुष साहू 99.33 प्रतिशत, द्वितीय सात्विक साहू 98.67 प्रतिशत, तृतीय रेहान कंडरा 98.22 प्रतिशत, कक्षा पीपी 1 में प्रथम विहान निषाद 98.67 प्रतिशत, द्वितीय विवान ध्रुव 96.44 प्रतिशत, तृतीय नभ्यकुमार 94 प्रतिशत अंकों के साथ उर्तीण हुए।

मौके पर संस्था के संचालक राजेन्द्र साहू, प्राचार्य हेमचंद साहू, शिक्षकगण अनिल साहू, दिलीप साहू, छत्रपाल साहू, घनश्याम साहू, जावेन्द्र यादव, नानकराम साहू, चैतन्य साहू, पारसमणि पाल, महेश गड़ेवाल, योगेश्वर साहू, नरेन्द्र साहू, केंवरा साहू, धारणी साहू, जागेश्वरी निषाद, शशिबाला साहू, देविका साहू, रेखा निषाद, हेमलता साहू, लीलिमा साहू, जानकी साहू एवं भृत्य अमोली यादव, आया गीता निषाद उपस्थित थे।

# मेधावी छात्रों को प्रशस्ति पत्र, मेडल देकर किया सम्मानित

- सर्वोदय उच्चतर माध्यमिक शाला का वार्षिक परीक्षाफल उत्कृष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



सर्वोदय उच्चतर माध्यमिक शाला का वार्षिक परीक्षाफल कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि श्रीमती तारा सिन्हा, प्राचार्य टीआर सिन्हा, उपप्राचार्य संजय मीनपाल, शिक्षक-शिक्षिकाओं, पालकगण एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में घोषित किया गया। कक्षा पहली में प्रथम फलेन्द्र कुमार 95.75 प्रतिशत, द्वितीय रियाज पटेल 91.5 प्रतिशत, तृतीय गुनिका देवांगन 90 प्रतिशत, कक्षा दूसरी में प्रथम लाव्या साहू 97.25 प्रतिशत, द्वितीय युहानी जोशी 96 प्रतिशत, तृतीय सीमा ध्रुव, कक्षा तीसरी में प्रथम अनामिका मीनपाल 98.25 प्रतिशत, द्वितीय खोयांश देवांगन 96.75 प्रतिशत, तृतीय नव्या साहू 95.5 प्रतिशत, कक्षा चौथी में प्रथम तृष्टि पटेल 96.75 प्रतिशत, द्वितीय यमन 96.5 प्रतिशत, तृतीय रिया देवांगन 95.75 प्रतिशत, छटवीं में प्रथम राजलक्ष्मी मीनपाल 99.33 प्रतिशत, द्वितीय फनीश कुमार 97.83 प्रतिशत, तृतीय दीपिका 97.5 प्रतिशत, कक्षा सातवीं में प्रथम तमन्ना साहू 99.1 प्रतिशत, द्वितीय चंचल निषाद 95.8 प्रतिशत, तृतीय मानवी देवांगन 95.3 प्रतिशत, कक्षा नवमी में प्रथम नमन साहू 98.83 प्रतिशत, द्वितीय रेशमा साहू 96.16 प्रतिशत, तृतीय लिशिका सोम 93.66 प्रतिशत, कक्षा 11वीं (विज्ञान) में प्रथम साक्षी कुंभज 95.6 प्रतिशत, द्वितीय वेदप्रकाश सिन्हा 94.6 प्रतिशत, तृतीय डेमिन साहू 93 प्रतिशत, कक्षा 11वीं (कृषि) में प्रथम धर्मेश कुमार 81 प्रतिशत, द्वितीय खेमेश्वरी 80.8 प्रतिशत, तृतीय डिलेश्वरी देवांगन 78.8 प्रतिशत, कक्षा 11वीं (कॉमर्स) में प्रथम घनिता 87.8 प्रतिशत, द्वितीय प्रियंका 77 प्रतिशत, तृतीय भव्य कुमार देवांगन ने 75.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किया।

कक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, मैडल देकर सम्मानित किया गया। वार्षिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले तथा अन्य सभी छात्र–छात्राओं को मुख्य अतिथि श्रीमती तारा सिन्हा, प्राचार्य टीआर. सिन्हा, उपप्राचार्य संजय मीनपाल एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने शुभकामनाएं दी है।

# अक्ती पर्व पर गुड्डे-गुड़ियों की रचाई शादी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

ग्राम उमरगांव में अक्ती पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। पर्व को लेकर बच्चों एवं बुजुर्गों में काफी उत्साह रहा। बच्चे सुबह से गुड्डे-गुड़ियों की शादी में तैयारी में जुट गए थे। मंडप को सजाकर बाजे-गाजे के साथ नाचते रहे। गुड्डे-गुड़ियों को तेल, हल्दी चढ़ाया गया। टीकावन के साथ सात भंवर की परंपरा निभाई गई। ग्राम के गौरा चौक ठाकुरपारा, गोवर्धन चौक, राम जानकी मंदिर पारा, बरपारा, स्कूल पारा में हर्षोल्लास से इस पर्व को मनाया गया। इस अक्ती पर्व पर ग्राम के ठाकुर देव में धान अर्पित किया गया। किसानों द्वारा खेत में पूजा-अर्चना कर धान बीज निकालने की परंपरा का निर्वहन किया गया।

# टांगापानी के जंगल में प्रेमी जोड़े की लाश मिली

**नगरी।** विकासखंड के ग्राम टांगापानी के जंगल में प्रेमी जोड़े का शव फंदे पर लटके हुए मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। जानकारी के अनुसार सिहावा थाना क्षेत्र के टांगापानी जंगल में कुम्ही के पेड़ पर प्रेमी जोड़े ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्रेमी जोड़ा कौन है, कहां से है और खुदकुशी जैसे आत्मघाती कदम क्यों उठाया, इस बारे में अभी कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। सूचना मिलते ही सिहावा थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ घटनास्थल पहुंची। पुलिस आगे की कार्यवाही में जुट गई है। बताया कि शव को एक सप्ताह से अधिक हो गया है।

## अंचल में आंधी के साथ हुई तेज बारिश



**धमतरी।** गुरुवार को अंचल में आंधी के साथ बारिश हुई। इससे कई पेड़ उखड़ गए। विद्युत आपूर्ति भी घंटों बाधित रही। इससे लोगों को हलाकान होना पड़ा।

HEALTH TOWN

"संस्कारित मातृत्व का पथ - गर्भसंस्कार कार्यक्रम"
मातृत्व की यात्रा को बनाएं सकारात्मक और सशक्त
"मातृत्व की ओर बढ़ते हर कदम में साथ आपके लिए विशेष दंपत्तियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम"
JOIN OUR SEMINAR
Mantras chanting | Yoga and exercise | Music therapy | garbh savand
14 मई, बुधवार 2025, समय : 04.00 PM
रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : महाराष्ट्र मण्डल चौबे कालोनी, रायपुर 492001, मो. 91119-12122, 91119-22122 www.shreyanayurveda.com
Dr. Pallavi Kshirsagar

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### कांटाकुर्रीडीह में परीक्षा परिणाम घोषित

**धमतरी।** माध्यमिक शाला कांटाकुर्रीडीह में कक्षा 8वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। कुमारी याचना ने 92 प्रतिशत के साथ प्रथम एवं रागिनी साहू ने 87 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में प्रधानपाठक जहांजीत सिंह नेताम, समन्वयक सर्वेद्र कुमार सांडे, शिक्षक हेमंत कुमार साहू, सुनील कुमार पवार, राजेंद्र कुमार वर्मा, लोकनाथ साहू, सरिता पांडेय एवं वरिष्ठ व्याख्याता घनश्याम सिंह साहू सलोनी एवं पालकगण उपस्थित थे।

### इन्द्रावती बचाओ संघर्ष समिति ने माना आभार

**जगदलपुर।** इन्द्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति के सचिव सुभाष कश्यप ने किसानों की मुख्य मांगों को लेकर पदयात्रा में समर्थन सभी समाज प्रमुखों राजनीति दल के सभी राजनीतिक का प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन मिला। जो इन्द्रावती नदी से प्रभावित किसानों को मुआवजा व केसीसी ऋण माफ जर्जर एनीकेटों का तत्काल मरम्मत करने की मांग लेकर 40 किलोमीटर तक पदयात्रा किया गया।

### ईश्वराम्मा सप्ताह में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**जगदलपुर।** श्री सत्य साईं सेवा समिति जगदलपुर द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी ईश्वराम्मा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है जो 30 अप्रैल से 6 मई तक संचालित हो रही है। बुधवार की संध्या कार्यक्रम के अंतर्गत वेद, प्रवचन एवं बाल विकास बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। बाल विकास श्री सत्य साईं सेवा संगठन में बच्चों को मानवीय मूल्य एवं आध्यात्मिक ज्ञान का विकास कर बच्चों का सर्वांगीण विकास किया जा रहा है। सांस्कृतिक कार्यक्रम भी मानवीय मूल्य पर ही आधारित किया जा रहा है। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने सहर्ष भाग लिया एवं श्रद्धालु शामिल रहे।

### कर्मचारियों की पदयात्रा को आप ने दिया समर्थन

**जगदलपुर।** आदिवासी विकास विभाग के अंतर्गत कार्यरत शासकीय छात्रावासों में नियुक्त चतुर्थवर्ग कर्मचारियों का महीनों से वेतन भुगतान नहीं होने के कारण वे भारी आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। आम आदमी पार्टी की प्रदेश सचिव तरुणा साबे ने विभाग और राज्य सरकार से अविलंब वेतन और श्रम सम्मान राशि का भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की है। साथ ही साथ इन कर्मचारियों के वेतन निर्धारण हेतु सकारात्मक कदम उठाने सरकार से अपील की है। बस्तर शहर जिलाध्यक्ष शुभम सिंह ने कहा है की बस्तर जिले में आदिवासी विकास विभाग द्वारा कार्यरत जल वाहक, स्वीपर, रसोईया, चपरासी, चौकीदार जैसे चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों को पिछले छह महीनों से वेतन नहीं मिला है। जगदलपुर से रायपुर तक पदयात्रा का रुख अपनाया जिसका आम आदमी पार्टी समर्थन करती है। साबे ने मांग की कि सरकार तुरंत आदेश जारी कर सभी लंबित वेतन और श्रम सम्मान राशि का भुगतान व वेतन का निर्धारण सुनिश्चित करे। यदि सरकार शीघ्र इस पर ध्यान नहीं देती है, तो आम आदमी पार्टी कर्मचारियों के हक के लिए उग्र आंदोलन करने को बाध्य होना पड़ेगा।

## पुराने तार को केबल में करें कन्वर्ट, ट्रांसफार्मरों में सुरक्षा जाली लगाएं : नागरिक

# सड़कों पर झूलते बिजली के तार व खुले ट्रांसफार्मर दे रहे खतरे को न्योता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शहर के मुख्य मार्ग सहित वार्डों की सड़कों पर झूलते बिजली के तार व खुला ट्रांसफार्मर आम जनमानस के लिए खतरा बन गया है। जरा सी चूक गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है। कुछ दिन पहले इसी तरह की दुर्घटना हुई थी जिसमें एक कपड़ा व्यापारी की जान चली गई। खुले ट्रांसफार्मर में अक्सर करंट प्रवाहित होते रहता है जो छोटे बच्चे, मवेशी के लिए खतरा है। झूलते तार से कई बार हादसे हो चुके हैं। खुले तार की वजह से छत पर काम कर रहे लोग बेमौत मारे गए हैं। सेंट्रिंग कार्य करते समय कई श्रमिक इसके चपेट में आ गए हैं। घरों की छत पर कपड़े सुखाते गृहिणियां या छोटे बच्चे अक्सर करंट के चपेट में आ जाते हैं। करंट से पशुओं की अकाल मृत्यु हो रही है।



शहर के कई ट्रांसफार्मर दुकानों से सटे हुए जमीन पर रखे हुए हैं जहां से हमेशा चिंगारी निकलती रहती है। खासकर बारिश के मौसम में ट्रांसफार्मर हवा तूफान की चपेट में आकर चिंगारी छोड़ता है। वहीं खंभे के खुले पुराने तार टूटकर सड़कों पर बिखर जाते हैं। शहरी नागरिकों ने इस पर सुरक्षा जाली लगाने की मांग करते हुए पुराने तार को केबल में कन्वर्ट करने का आग्रह किया है।



राकेश दीवान | पीयूष पांडेय | विक्रांत शर्मा | आलोक देव

ब्राम्हण समाज के जिलाध्यक्ष राकेश दीवान ने कहा कि विभाग लगातार टेरिफ बढ़ा रहा है। स्मार्ट मीटर लगा रहा है। बिजली बिल दो चार साल में ही कई गुना बढ़ा चुका है लेकिन रखरखाव कमजोर है। बिजली कभी भी बंद हो जाती है। बिजली तार व्यवस्थित होने चाहिए। दुर्घटना पर विभाग से मुआवजा मिलना चाहिए। आपराधिक प्रकरण बनना चाहिए।

सामाजिक कार्यकर्ता पीयूष पांडेय ने कहा कि खुले ट्रांसफार्मर, बिजली के तार से लोगों को खतरा है। वार्डों और गलियों में यह खतरा मंडरा रहा है। कई घटना हो चुकी है। छतों से होकर गुजर रहे खुले तार से घटना रोज हो रही है। सार्वजनिक जगहों पर खुले ट्रांसफार्मर बच्चों और मवेशी के लिए खतरा है।

समाजसेवी विक्रांत शर्मा का कहना है कि शहर के कई स्थानों पर बिजली के तार झूलते हुए नजर आते हैं। बाजारों में खुला ट्रांसफार्मर खतरा साबित हो रहा है। जगहों को चिन्हांकित कर सुरक्षा उपाय अपनाना चाहिए। खराब मौसम में सुरक्षा के उपाय कर जयादा देना आवश्यक है। बिजली विभाग के पास फंड की कमी नहीं है।

नगारिक आलोक देव का कहना है कि सड़कों पर झूलते तार, खुले ट्रांसफार्मर बच्चों और मवेशियों के लिए सबसे ज्यादा खतरा है। अनजाने में यह लोगों के लिए सबसे बड़ी मुसीबत है। खेल-खेल में जान गंवा बैठते हैं। बिजली के झटके लगने से कई मवेशी मृत्यु के मुंह में चले गए। जन-धन की हानि से बचाने विभाग को स्टाफ बढ़ाना चाहिए।

## सिंधु जल समझौता रद्द नहीं करने की पैरवी करने वाले पर राष्ट्रद्रोह का मामला दर्ज हो



- भाजपा किसान मोर्चा ने प्रदर्शन कर कार्रवाई की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

सिंधु जल समझौता को रद्द नहीं करने की पैरवी करने वाले किसान नेता नरेश टिकैत के खिलाफ राष्ट्रद्रोह का मुकदमा दर्ज करने की मांग को लेकर भाजपा किसान मोर्चा ने प्रदर्शन किया।

गुरुवार को भाजपा किसान मोर्चा के बैनरतले भाजपाई कलेक्ट्रेट पहुंचे। प्रदर्शन करते हुए उन्होंने बताया कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों ने देश के 26 निर्दोष पर्यटकों की क्रूरतापूर्वक हत्या कर दी। इस पर एक्शन लेते हुए देश हित में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिंधु जल समझौता रद्द कर दिया है। समझौते के रद्द होने से पाकिस्तान में सिंधु नदी से जल नहीं जाएगा, किंतु दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश के भीतर ही कुछ स्वघोषित नेता इस राष्ट्र हितकारी निर्णय का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कथित किसान नेता नरेश टिकैत ने बयान दिया है कि भारत और पाकिस्तान के किसान एक हैं तथा सिंधु जल समझौता रद्द नहीं किया जाना चाहिए। यह बयान देश की 140 करोड़ जनता की भावनाओं का अपमान है। नरेश टिकैत देश की रोटी खाकर देश के विरोध में बयान दे रहे हैं। उन्होंने नरेश टिकैत पर राष्ट्रद्रोह का मामला दर्ज करने, कानूनी कड़ी कार्रवाई करने और देश की जनता से सार्वजनिक माफी मांगने के लिए बाध्य करने की मांग की है।

## मजदूरों को वाटर बॉटल व गमछा प्रदान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

मजदूर दिवस पर शहर ब्लाक कांग्रेस कमेटी 1 द्वारा घड़ी चौक के पास मजदूरों का सम्मान किया गया। मजदूर दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेसियों ने मजदूरों को वाटर बॉटल व गमछा भेंटकर उनका सम्मान किया गया। इस दौरान विधायक ओंकार साहू सहित अन्य वरिष्ठ कांग्रेसियों ने कहा कि इस भीषण गर्मी में परिवार के भरण पोषण हेतु मजदूर कड़ी धूप में मेहनत करते है। ऐसे में उन्हें धूप से बचने गमच्छा व प्याऊ बुझाने पानी की आवश्यकता होती है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए उन्हें पानी बॉटल व गमच्छा प्रदान किया गया। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष शरद



लोहाना, पूर्व जिलाध्यक्ष मोहन लालवानी, शहर ब्लाक कांग्रेस कमेटी 1 के अध्यक्ष आकाश गोलछा, दीपक सोनकर, मदन मोहन खण्डेलवाल, विजय प्रकाश जैन, राजेश पाण्डेय, होरीलाल साहू, रफीक भाई इत्रवाले, शांतिलाल जैन, योगेश शर्मा, आशुतोष खरे, सूरज पासवान, विक्रांत पवार, नमन बंजारे, समीर जोशी, प्रवीण नामदेव, संजु साहू, मनीष जोशी, भागी ध्रुव, सूर्यप्रभा चेटियार, सबीना अंजुम सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

## कांग्रेसियों ने श्रमिक दिवस पर खाया बोरे बासी

पूर्व सीएम भूपेश ने श्रमिकों के सम्मान में बोरे बासी खाने की परंपरा की शुरूआत की थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

राजीव भवन कांग्रेस कार्यालय में वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने बोरे बासी खाकर श्रमिक दिवस मनाया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने श्रमिकों के सम्मान में बोरे बासी खाने की परंपरा श्रमिक दिवस पर अपने कार्यकाल में शुरू की थी। उसी परंपरा को बरकरार रखते हुए कांग्रेसियों ने श्रमिक दिवस पर बटकी में बासी और चूटकी भर नून व चटनी के साथ बोरे बासी खाया। जिलाध्यक्ष शरद लोहाना ने बताया कि बोरे-बासी छत्तीसगढ़ का एक पारंपरिक भोजन है। यह भोजन खास तौर पर मजदूरों और किसानों के बीच लोकप्रिय है, क्योंकि यह पौष्टिक, सस्ता और गर्मी में शरीर को ठंडक देने वाला होता है। विधायक ओंकार साहू





ने कहा कि यह मेहनतकश वर्ग की मेहनत और जीवनशैली का प्रतीक है। यह सिर्फ खाना नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की मिट्टी और संस्कृति से जुड़ा एक भावनात्मक प्रतीक है। इस दौरान पूर्व विधायक हर्षद मेहता, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन लालवानी, प्रदेश संयुक्त महामंत्री पंकज महावर, मदन मोहन खंडेलवाल, अरविन्द दोशी, जिला कोषाध्यक्ष सलीम रोकडिया, जिपं सदस्य कविता बाबर, ब्लॉक अध्यक्ष आकाश गोलछा, योगेश शर्मा, महिला कांग्रेस प्रदेश महामंत्री सूर्यप्रभा चेटियार, सेवादल जिला अध्यक्ष होरीलाल साहू, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष राजा देवांगन, नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर, पूर्व पार्षद राजेश ठाकुर, रामनाथ यादव, आशुतोष खरे, अंबर चंद्राकर, सूरज पासवान, भागी ध्रुव, अविनाश मरोठे, तोगू गुरपंच, देवेन्द्र देवांगन, धर्मेंद्र पटेल, तेजप्रकाश साहू, अजय डहरिया सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जितना अधिक मेहनत करेंगे परिणाम उतना ही अच्छा होगा

- गुरुकुल विद्यासागर स्कूल लोहरसी का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

गुरुकुल विद्यासागर स्कूल लोहरसी का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। हिंदी माध्यम में कक्षा केजी वन में प्रथम पायल साहू, द्वितीय तारिणी साहू, तृतीय आराध्या गंगबेर, कक्षा केजी टू में प्रथम चैतन्य साहू, कक्षा पहली में प्रथम भास्कर साहू, द्वितीय तान्या साहू, तृतीय देविका सिन्हा, कक्षा दूसरी में प्रथम सीमांत साहू, द्वितीय लावण्या सिन्हा, तृतीय विनय कुमार साहू, तीसरी में प्रथम हसीना सिन्हा, द्वितीय चित्राणी साहू, तृतीय फनीश साहू, चौथी में प्रथम प्रवीण सिन्हा, द्वितीय जीत कुमार सोनकर, तृतीय प्रतीक सिन्हा, छठवीं में प्रथम भावना ध्रुव, द्वितीय रितिका सिन्हा, तृतीय आदित्य यादव रहे।

सातवीं में प्रथम हेमंत गजेंद्र, द्वितीय भार्गवी शांडिल्य, तृतीय लीशा यादव रहे। गुरुकुल इंग्लिश स्कूल केजी वन में प्रथम जान्हवी साहू, केजी टू में प्रथम आदया साहू, द्वितीय जतिन कुमार साहू, तृतीय देवांशु साहू, पहली में प्रथम धैर्य निषाद, द्वितीय फलेन्द्र साहू, तृतीय प्रेरणा साहू, दूसरी में प्रथम गुनगुन साहू, द्वितीय जिगर सिन्हा, तीसरी में प्रथम कुमुद साहू, द्वितीय नवीन कुमार देवांगन, तृतीय विवेक साहू, चौथी में प्रथम चंद्रकांत ध्रुव, द्वितीय मोक्ष साहू रहे।

इस अवसर पर भारत लाल साहू ने कहा कि आज आप सबको अपनी मेहनत का परिणाम मिला। जितना अधिक मेहनत करेंगे परिणाम उतना अच्छा होगा। मौके पर शिक्षक जीवनलाल, झामिन साहू, गीतांजलि साहू, ज्ञानेश्वरी साहू, श्रीमती डिलेश्वरी साहू, श्रीमती खोमेश्वरी साहू, श्रीमती लीना साहू, श्रीमती केसर सिन्हा के अलावा अभिभावक गण उपस्थित थे।

## बीस वर्ष बाद गुढ़ियारी तालाब तक पहुंचा नहर नाली का पानी

- नगर पंचायत की पहल रंग लाई, गर्मी में निस्तारी पानी की समस्या से मिलेगी निजात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

बढ़ती गर्मी और सूखते तालाबों की समस्या को देखते हुए नगर पंचायत नगरी के अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष विकास बोहरा तथा पार्षदों के संयुक्त प्रयास से गुढ़ियारी तालाब में लगभग 20 वर्षों बाद पहली बार इरिगेशन विभाग की नहर-नाली से पानी पहुंचा है। मालूम हो कि गर्मी में तालाबों का जलस्तर घटने से नगरवासियों को मौत मिट्टी, तीज, नहावन जैसे परंपरागत आयोजनों में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। इस गंभीर स्थिति को संज्ञान में लेते हुए नगर पंचायत की टीम ने तत्परता दिखाई और इरिगेशन विभाग से संपर्क कर तालाबों में जल आपूर्ति की मांग की।

विभाग द्वारा सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए सोंढूर जलाशय से गुढ़ियारी तालाब और दरियारा तालाब में जल प्रवाह के लिए



अनुमति प्रदान की गई। किंतु बीते दो दशक से इन नालियों की स्थिति बेहद खराब थी कहीं अतिक्रमण, कहीं दलदल, तो कहीं मिट्टी भराव के कारण जल प्रवाह असंभव हो गया था।

नगर पंचायत की टीम ने अथक प्रयास से इन अवरुद्ध नालियों को फिर से चालू किया, जिससे अब निरंतर गुढ़ियारी तालाब में पानी भर रहा है। यह सफलता न केवल पारंपरिक पर्वों के आयोजन को आसान बनाएगी, बल्कि बारिश के दिनों में जलजमाव की समस्या से भी निजात दिलाएगी। अब वही नालियां, जो वर्षों से जाम पड़ी थीं, नगर की जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाएंगी। इस कार्य में पार्षदगण असकरण पटेल, अश्विनी निषाद, राजा पवार, देवचरण ध्रुव और शंकरदेव का उल्लेखनीय योगदान रहा। नगरवासियों ने भी इस कार्य को सराहा है और नगर पंचायत की कार्यशैली की प्रशंसा की है।

नगर पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने बताया कि भविष्य में नगर के अन्य तालाबों में भी इसी प्रकार जल आपूर्ति की योजना बनाई जा रही है, जिससे गर्मी में नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## आंधी तूफान के साथ हुई बारिश, मौसम हुआ सुहावना



- गोरेगांव के मेन रोड पर आम का पेड़ गिरा, आवागमन हुआ बाधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

नगरी अंचल में बीते एक सप्ताह से मौसम बदला हुआ है। गुरुवार की शाम को नगरी समेत गांवों में आधी तूफान के साथ हल्की बारिश हुई।

पश्चिमी विक्षोभ के चलते पिछले सप्ताह भर से मौसम बदला हुआ है। वर्षा से मौसम सुहावना हो गया है। लोगों को तेज गर्मी से राहत मिली है। कई दिनों से तेज हवा से नगरी ब्लाक के कई क्षेत्र में बिजली के तार टूटकर गिर रहे हैं जिसके चलते बिजली कर्मचारियों को काफी परेशानी हो रही है। आए दिन दोपहर 3 बजे के बाद से आसमान में बादल छा रहे हैं। इसके बाद ठंडी हवा चलती रही। शाम 6 बजे के बाद कई स्थानों में रुक-रुक कर वर्षा हुई। वर्षा से जहां एक और मौसम सुहावना हो गया है, वहीं दूसरी ओर कई किसान चिंतित हैं। खेत में फसल पककर तैयार है। ऐसे में बारिश से किसानों को फसल नुकसान का अंदेशा है। गोरेगांव के मेन रोड पर आम का पेड़ गिर गया है जिससे आवागमन बाधित हो गया है। किसान रवि साहू, हुलेश प्रजापति, मनु प्रजापति ने बताया कि उनकी फसल पककर तैयार है। एक-दो दिन के भीतर कटाई करानी है। ऐसा ही मौसम रहा तो फसल खेत में गिर सकती है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज




## किसानों ने धान से भरे दोने को ग्राम देवता को किया अर्पण

# डांडेसरा में हुई ठाकुर देवता की पूजा-अर्चना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ डांडेसरा(धमतरी)

ग्राम डांडेसरा में ठाकुर देवता की पूजा-अर्चना पूरे विधि-विधान से की गई। किसानों ने दोना पत्तल में धान बीज लेकर गांव के ठाकुर देवता को अर्पित किया। ग्राम बैगा द्वारा विधि-विधान से पूजा की गई साथ ही बीज दोना में भरकर किसानों को वापस दिया गया। कृषि कार्य से संबंधित जैसे बुआई, निंदाई गुड़ाई, मिंजाई आदि को सांकेतिक रूप में ठाकुर देव के समक्ष किया गया। इसी भोग लगे धान को किसान बीज के रूप में खेतों की बुआई करते हैं। माना जाता है कि ठाकुर देव बीज परीक्षण, भूमि उर्वरा परीक्षण, जल, कीट पतंगे गुण धर्म के ज्ञाता थे। जिन्होंने ग्राम के मानव समुदाय को फसल जीवन चक्र द्वारा अधिक अन्न धन उपजाकर समृध्दि हासिल करने का मार्ग बताया। ठाकुर देवता ग्राम के सब देवता में से बड़े माने जाते हैं, इसलिए सबसे पहले पूजा ठाकुर देवता की होती है। पूजा स्थल पर केवल पुरुष लोग जाते हैं। महिलाओं को जाने की अनुमति नहीं है। इस अवसर पर ग्राम पटेल अंगद साहू, ग्रामीण अध्यक्ष लक्ष्मण साहू, उपाध्यक्ष हरीश साहू, पंकज जोशी, संजय जोशी, सुभाष ध्रुव, किशोर साहू, महेश साहू, आलोक चन्द्राकर, दमाराम दीवान, किसुन साहू, गोपेश्वर जोशी, कामता साहू, क्षेत्रपाल साहू, शेष नारायण साहू, दीपक साहू, डिगेश्वर चन्द्राकर, दयालु राम साहू, टिकेश्वर साहू, राजेन्द्र जोशी, सियाराम रात्रे उपस्थित थे।

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020